बी.सी. समर रीडिंग क्लब क्या है?

बी.सी. समर रीडिंग क्लब बच्चों के लिए पढ़ने का एक मुफ्त कार्यक्रम है। गर्मियों में पढ़ने की कला का अभ्यास करने या उसे बेहतर बनाने, नए मित्रों से मिलने. अपने समुदाय तथा लाइब्रेरी के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने तथा आनंद लेने का एक बढ़िया तरीका है!

बच्चों के लिए बी.सी. समर रीडिंग क्लब के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

अपने लिए सबसे नजदीकी लाइब्रेरी का पता लगाने के लिए, कृपया यहां देखें:
https://bcsrc.ca/about-bcsrc/

क्या आपके मन में कोई ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर आपको यहाँ नहीं मिला? प्रांतीय कोआर्डिनेटर को इस पते पर ईमेल भेजें: bcsrc@bcla.bc.ca

British Columbia Library Association

www.bcsrc.ca
bcsrc@bcla.bc.ca

[Hindi]

बी.सी. समर रीडिंग क्लब में आपका स्वागत है!

परिवारों तथा देखभाल करने वाले लोगों के लिए जानकारी

बच्चों के लिए रीडिंग क्लब

बी.सी. समर रीडिंग क्लब के बारे में पूरी जानकारी

कौन शामिल हो सकता है?
भागीदारी के लिए बी.सी. समर रीडिंग क्लब सभी बच्चों तथा उनके परिवारों का स्वागत करता है तथा उन्हें एक मुफ्त, पहुंचने योग्य तथा पूरी तरह सभी को शामिल करने वाले प्रोग्राम की पेशकश करता है।

हम इसमें शामिल कैसे हों?
अपनी स्थानीय लाइब्रेरी में जाएं! आपके बच्चे को मुफ्त रजिस्टर करके समर रीडिंग क्लब में शामिल होने के लिए सब जरूरी सामान देने में लाइब्रेरी स्टाफ को खुशी होगी। वे आपको लाइब्रेरी में गर्मियों में होने वाले कार्यक्रमों तथा गतिविधियों के बारे में भी बता सकेंगे।

यह कैसे काम करता है?
अपनी स्थानीय लाइब्रेरी में जाएं और आपके बच्चे को पढ़ी गई चीजों का रिकार्ड रखने के लिए एक मुफ्त रीडिंग रिकार्ड दिया जाएगा। बच्चों को उनकी प्राप्तियों के लिए एक साप्ताहिक स्टिकर भी मिलता है। गर्मियों के अंत में कार्यक्रम पूरा करने वाले बच्चों को कई लाइब्रेरियां मेडल भी देती हैं।

क्या बी.सी. समर रीडिंग क्लब में शामिल होने के लिए मुझे लाइब्रेरी कार्ड की जरूरत होगी?
समर रीडिंग क्लब में शामिल होने के लिए आपको लाइब्रेरी कार्ड की जरूरत नहीं है। यदि आप कुछ पुस्तकें उधार लेना चाहते हैं तो स्टाफ को लाइब्रेरी कार्ड देने के लिए कहें।

क्या इसके लिए जरूरी है कि मेरा नाम किसी स्कूल में दर्ज हो?
समर रीडिंग क्लब स्कूल की आयु (5 से 14 वर्ष) वाले बच्चों के लिए है पर जरूरी नहीं है कि आपका नाम किसी स्कूल में दर्ज हो। घर पर पढ़ने वाले बच्चे खुशी से इसमें दाखिल हो सकते है!

रजिस्ट्रेशन कब शुरू होती है?
रजिस्ट्रेशन जून में किसी समय शुरू होती है। यह जानने के लिए कि आप कब नाम लिखवा सकते हैं, अपनी स्थानीय लाइब्रेरी में जाएं या उन्हें काल करें।

समर रीडिंग क्लब के लिए बच्चे क्या पढ़ते हैं?
बच्चे कहानियों की किताबें, सूचना पुस्तकें, चित्रों वाले नावल, यहां तक कि कॉमिक पुस्तकें भी, पढ़ते हैं। वे, अमेरिकी चित्र भाषा सहित, अपनी किसी भी मनपसंद भाषा में पढ़ सकते हैं। उसका फारमैट भी कोई भी हो सकता है जिनमें ऑडियो पुस्तकें भी शामिल हैं। वे किसी अन्य व्यक्ति द्वारा पढ़कर या सुनाई जाने वाली कहानियां भी सुन सकते हैं।

आपके बच्चे के आनंद के लिए लाइब्रेरी का स्टाफ खुशी से पुस्तकों तथा अन्य सामग्री की सिफारिश करेगा!

क्या यह कार्यक्रम अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध है?
समर रीडिंग क्लब कार्यक्रम की सामग्री दो भाषाओं (अंग्रेजी तथा फ्रेंच) में हैं किंतु बच्चों को किसी भी भाषा में, जो उनको सुविधाजनक लगे (अमेरिकी चिन्ह भाषा ASL सहित) में पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

यदि आपके मन में कोई प्रश्न हैं तो अपनी लाइब्रेरी में जाएं या उन्हें कॉल करें।

क्या समर रीडिंग क्लब पूरी गर्मियों के दौरान चलेगा?
हर लाइब्रेरी यह कार्यक्रम थोड़ा अलग ढंग से चलाती है। आम तौर पर यह कार्यक्रम जून के अंत में शुरू होता है और अगस्त में समाप्त होता है।

यदि हम पढ़ने के किसी दिन भाग नहीं ले पाते तो क्या होगा?
कोई समस्या नहीं! आप पढ़ना जारी रखिए। 7 दिन पढ़ने के बाद आपके बच्चे को एक स्टिकर मिलेगा!

यदि मेरा बच्चा अंत तक कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाता तो क्या होगा?
यदि आपका बच्चा अंत तक भाग नहीं ले पाता तब भी वह स्टिकर ले सकता है। रीडिंग रिकार्ड आपके पास रहेगा।

यदि हम इन गर्मियों में बाहर यात्रा कर रहे होंगे तो क्या होगा?
पढ़ना जारी रखें! यदि आप बी.सी. के भीतर यात्रा कर रहे हों तो आप किसी भी पब्लिक लाइब्रेरी में जा सकते हैं – भाग लेने वाली सभी लाइब्रेरियों में मेहमानों के लिए अतिरिक्त स्टिकरों का प्रावधान है। यदि आप प्रांत से बाहर यात्रा करने जा रहे हों तो इसके बारे में अपनी लाइब्रेरी को बता दें!